# मोहाली में अस्पतालों व संस्थानों के बाहर अवैध पार्किंग बनी रोजमर्रा की परेशानी

## पार्क ग्रीशियन, फोर्टिस, लिवासा अस्पताल क्षेत्र में हालात चिंताजनक, मरीजों और राहगीरों के लिए सिरदर्द बनी अवैध पार्किंग

गुरशरण सिंह | सुरिंदर सिंह
मोहाली | समर न्यूज

मोहाली में बड़े अस्पतालों, सरकारी संस्थानों और कॉरपोरेट कंपनियों के बाहर सड़क किनारे हो रही पार्किंग लोगों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। शहर की कई प्रमुख सड़कों पर वाहन चालकों द्वारा नियमों की अनदेखी कर गाड़ियां खड़ी करने से रोजाना जाम की स्थिति पैदा हो रही है। पीक आवर्स में हालात और खराब हो जाते हैं, जिससे आम वाहन चालकों, मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पार्क ग्रीशियन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सेक्टर-69 मोहाली के बाहर सड़क पर बड़ी संख्या में वाहन खड़े होने के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों द्वारा सड़क किनारे वाहन पार्क करने से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है और कई बार संबंधित विभागों के ध्यान में मामला लाए जाने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाया।

### चालान के बावजूद नहीं सुधर रहे हालात

लोगों के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस की ओर से समय-समय पर गलत पार्किंग करने वाले वाहनों के चालान किए जाते हैं, लेकिन कार्रवाई के बाद भी समस्या दोबारा सामने आ जाती है। निवासियों का कहना है कि केवल चालान करने से स्थायी समाधान नहीं होगा। अस्पतालों और बड़े संस्थानों के साथ मिलकर पर्याप्त और व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करना जरूरी है।



लिवासा अस्पताल के सामने पार्किंग से सड़क जाम

### लिवासा अस्पताल के सामने भी हालात खराब

सेक्टर-71 स्थित लिवासा अस्पताल के सामने भी पार्किंग को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के सामने गमाडा की खाली जमीन पड़ी है, जहां मरीजों को दिखाने के लिए आने वाले कई लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं। इसके बावजूद कुछ वाहन सड़क किनारे भी पार्क किए जाते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। लिवासा अस्पताल के साथ ही मटौर थाना होने के कारण इस इलाके में आमतौर पर काफी भीड़ रहती है। अस्पताल, थाना और आसपास की आवाजाही के चलते यहां अक्सर वाहनों का दबाव बढ़ जाता है और लोगों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है।



पार्क ग्रीशियन के सामने भीड़ में फंसी एंबुलेंस

### पार्क ग्रीशियन अस्पताल के बाहर सड़क पर खड़ी गाड़ियां बनीं परेशानीः पार्षद कुलदीप कौर धनोआ



वार्ड नंबर-13 की पार्षद कुलदीप कौर धनोआ ने बताया कि पार्क ग्रीशियन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के बाहर सड़क पर गाड़ियां खड़ी रहने से सेक्टर-69 की ओर आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर सेक्टर के वरिष्ठ नागरिक अस्पताल के सीईओ से मुलाकात कर समाधान की मांग कर चुके हैं। अस्पताल प्रबंधन ने समस्या के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय मांगा था, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई उचित समाधान नहीं निकल पाया है। पार्षद ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन को पार्किंग की समस्या का स्थायी समाधान करना जरूरी है, ताकि सड़क पर वाहनों की पार्किंग से लोगों को परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे।

### अस्पताल के अंदर पार्किंग व्यवस्था मौजूदः सीईओ डॉ. राजेश चौहान

पार्क ग्रीशियन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सीईओ डॉ. राजेश चौहान ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि अस्पताल के अंदर पार्किंग की व्यवस्था मौजूद है, लेकिन वहां मुख्य रूप से स्टाफ की गाड़ियां खड़ी होती हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के वाहनों के लिए अस्पताल के सामने गमाडा के खाली प्लॉट में अस्थायी पार्किंग विकल्प है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड लोगों को सड़क पर गाड़ियां खड़ी करने से रोकते हैं, लेकिन कई बार लोग सुरक्षा गार्डों से बहस और झगड़ा करने लगते हैं। हालांकि, डॉ. चौहान यह स्पष्ट नहीं कर सके कि अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए पार्किंग का अस्पताल के पास स्थायी विकल्प क्या है और अस्पताल की मौजूदा पार्किंग में उनकी गाड़ियां क्यों नहीं खड़ी की जा सकतीं।



फोर्टिस के सामने नो पार्किंग बोर्ड और कारों की कतार

### फोर्टिस और गमाडा के सामने भी परेशानी

मोहाली में फोर्टिस अस्पताल और गमाडा कार्यालय के सामने भी सड़क किनारे पार्किंग की समस्या पुरानी है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण कई वाहन सड़क पर खड़े किए जाते हैं, जिससे आसपास की सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है।

### पूर्व डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने पार्किंग नीतियों का पालन न होने पर उठाए सवाल



मोहाली के पूर्व डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने कहा कि गमाडा की ओर से जारी पार्किंग नीतियों का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। इसके तहत गमाडा की ओर से कुछ नियमों में सुधार किए गए हैं। बेदी ने कहा कि पूरे मोहाली में पार्किंग व्यवस्था सही नहीं है और गमाडा को अपनी पार्किंग नीति में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने दिल्ली की तर्ज पर पार्किंग नीति लागू करने की मांग की। डिप्टी मेयर ने अस्पतालों और कंपनियों की पार्किंग व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि कई संस्थानों ने बेसमेंट को पार्किंग के तौर पर दिखाकर एनओसी हासिल की, लेकिन बाद में इन बेसमेंट का इस्तेमाल अन्य गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई बेसमेंट में एक्स-रे सेंटर, दवाइयों, सफाई कर्मचारियों का सामान और अन्य सुविधाएं संचालित या रखी जा रही हैं। इससे पार्किंग की समस्या और गंभीर हो रही है।

### लिवासा अस्पताल के बाहर के बाहर पार्किंग के कारण सुबह से ही लग जाता है जामः पार्षद बचन सिंह



वार्ड नंबर-38 के पार्षद बचन सिंह बोपाराय ने बताया कि लिवासा अस्पताल के बाहर पार्किंग की काफी समस्या है। उन्होंने कहा कि सुबह ड्यूटी के समय अस्पताल के सामने अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के पास पर्याप्त पार्किंग स्थान नहीं होने के कारण लोग अपनी गाड़ियां सड़क पर खड़ी कर देते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। पार्षद ने कहा कि लिवासा अस्पताल के सामने गमाडा की काफी खाली जमीन मौजूद है, लेकिन गमाडा की ओर से उसकी उचित देखरेख नहीं की जा रही। उन्होंने सुझाव दिया कि गमाडा और अस्पताल मिलकर इस जगह की सफाई करवाएं या फिर वहां निजी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि लोग सड़क पर गाड़ियां खड़ी न करें और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। उनका कहना है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए।

# पंजाब यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी ने दर्ज की बड़ी जीत, अंकित बिधान बने अध्यक्ष

## मतदान के दौरान लॉ विभाग में पुलिस-छात्रों के बीच झड़प, दोनों पक्षों में नारेबाजी

शगुन कश्यप | सारांश मेहरा
समर न्यूज | चंडीगढ़



पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस स्टूडेंट्स काउंसिल चुनाव के नतीजों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। इस चुनाव में छात्र संगठन स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया ने एबीवीपी को समर्थन दिया था। अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले छात्र राजनीति में इसे अकाली दल और भाजपा से जुड़े संगठनों की अहम सफलता के तौर पर देखा जा रहा है।

पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस स्टूडेंट्स काउंसिल चुनाव 2026-27 में चार प्रमुख पदों के परिणाम घोषित किए गए हैं। अध्यक्ष पद पर अंकित ने 3,149 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उन्हें आदिल बराड़ के 2,637, गुरमन सिंह सिद्धू के 2,263 और दर्शप्रीत सिंह के 1,387 वोट मिले, जबकि नोटा को 174 वोट पड़े। उपाध्यक्ष पद पर अरमान सिंह (भिंडर) 3,322 वोटों के साथ विजयी रहे।

उन्हें आरांक्शा ठाकुर के 2,818, विपुल भादू के 1,284, मनमीत कौर के 1,053 और अरमान सिंह के 652 वोट मिले, जबकि नोटा को 465 वोट पड़े। सचिव पद पर ध्यान सिंह (समीर) ने 4,045 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। आर्यन सहारन को 3,678 और मुस्कान चौहान को 1,286 वोट मिले, जबकि नोटा के खाते में 581 वोट गए। वहीं, संयुक्त सचिव पद पर विशाल (बामल) 3,506 वोटों के साथ विजेता बने। देवराज सिंह नैन को 2,338, राम चंदर सिंह को 1,656 और अमीन कौर को 1,141 वोट मिले, जबकि नोटा को 938 वोट पड़े। अंकित बिधान पहली बार पंजाब यूनिवर्सिटी छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए हैं। पिछली बार भी एबीवीपी का उम्मीदवार अध्यक्ष बना था। हालांकि, उस समय संगठन को एसओआई का समर्थन हासिल नहीं था। इस बार एसओआई के चुनाव मैदान से बाहर होने के बाद उसने एबीवीपी के समर्थन का फैसला किया, जिसका असर चुनावी समीकरणों पर देखने को मिला। अध्यक्ष पद के मुकाबले में एबीवीपी के अंकित बिधान के अलावा आम आदमी पार्टी समर्थित छात्र संगठन एएसएपी के आदिल बीर सिंह, कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के गुरमन सिंह सिद्धू और साथ से जुड़े दर्शप्रीत सिंह मैदान में थे। चुनाव में कुल 16 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए किस्मत आजमाई। अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और विभागीय प्रतिनिधियों के पदों के लिए भी मतदान हुआ।

### मतदान के दौरान लॉ विभाग में हंगामा

छात्र संघ चुनाव के दौरान पंजाब यूनिवर्सिटी के लॉ विभाग के बाहर भी तनाव की स्थिति बनी। मतदान के दौरान कुछ छात्रों ने विभाग के गेट के बाहर हंगामा किया। छात्रों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। छात्रों का आरोप था कि मतदान के लिए निर्धारित समय के बावजूद लॉ विभाग का गेट करीब 10 बजे बंद कर दिया गया, जिसके कारण कुछ छात्र वोट नहीं डाल सके। हंगामे के दौरान पुलिस मतपेटी को वहां से ले जाने लगी, लेकिन प्रदर्शनकारी छात्रों ने इसका विरोध किया और मतपेटी ले जाने से रोक दिया। इसके बाद कुछ छात्र धरने पर बैठ गए। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को समझाने का प्रयास किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई गई और कुछ प्रदर्शनकारी छात्रों को मौके से हटाए जाने की भी जानकारी सामने आई।

### पंजाब से पहले चंडीगढ़ में अकाली-भाजपा गठजोड़ का ट्रेलर

पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) में अकाली-भाजपा गठबंधन की जीत हुई है। पीयू छात्र संघ के प्रधान पद पर एबीवीपी के अंकित बिधान की जीत में कई संकेत छिपे हैं। अकाली दल के स्टूडेंट विंग स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया (सोई) ने उन्हें चुनाव में समर्थन दिया था। अंकित पहली बार प्रधान बने हैं। पिछली बार एबीवीपी से गौरववीर सोहल प्रधान थे। पिछली बार उन्हें अकाली दल का समर्थन नहीं था। इस चुनाव में वहीं आप का स्टूडेंट विंग दूसरे और कांग्रेस की एनएसयूआई तीसरे नंबर पर रही है।

# पंचकूला की नई एसडीएम मन्नत राणा का किया स्वागत

समर न्यूज | पंचकूला



पंचकूला की नई उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) मन्नत राणा जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगी। कार्यभार संभालने से पहले सोमवार को पंचकूला में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर वर्तमान एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने मन्नत राणा को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। मन्नत राणा के कार्यभार संभालने के बाद पंचकूला उपमंडल से जुड़े प्रशासनिक कार्यों, जनसमस्याओं और विभिन्न व्यवस्थाओं में उनकी अहम भूमिका रहेगी। उनके पदभार संभालने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों में भी उत्सुकता है।

# पंचकूला में निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

## निजी कंपनी को लाइसेंस देने का विरोध, मांग नहीं मानी तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

श्री राम | पंचकूला
समर न्यूज





सरकार की ओर से निजी कंपनी को समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने के प्रस्ताव के विरोध में सोमवार को कालका उपमंडल कार्यालय में बिजली कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर जुटे कर्मचारियों ने सरकार के फैसले के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की।

कर्मचारियों ने कहा कि इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम ने गुरुग्राम और नूंह राजस्व जिलों में समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस लेने के लिए हरियाणा बिजली नियामक आयोग में याचिका दायर की है। कर्मचारियों का कहना है कि बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनी को समानांतर लाइसेंस दिए जाने से सार्वजनिक क्षेत्र और कर्मचारियों के हित प्रभावित होंगे।

### प्रक्रिया रोकने की मांग

कर्मचारियों ने सरकार से निजी कंपनी को समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने की प्रक्रिया तत्काल रोकने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मामले में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो संयुक्त संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रधान नसीम खान, सचिव अखिल सिंगला, खजांची राजिंदर एएफएम, उपप्रधान रविंद्र रोहिला, संगठनकर्ता केवल शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान होशियार सिंह, प्रधान रविंद्र कुमार, जॉइंट सेक्रेटरी अनिल, गुरमीत सिंह जेई, ममता भगत, विशाल सूरी, मूल चंद, नितेश, शिव कुमार, देवेंद्र तिवारी और संजय सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### कर्मचारियों ने जताई नाराजगी

कर्मचारियों ने सरकार के फैसले पर नाराजगी प्रदर्शित की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बिजली वितरण जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवा में कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उनका आरोप है कि समानांतर बिजली वितरण व्यवस्था लागू होने से सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका और कर्मचारियों के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

# गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का संपूर्णता दिवस

गुरशरण सिंह | मोहाली
समर न्यूज



धन-धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी के शहीदी स्थान गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में युगों-युगों से अटल धन-धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का संपूर्णता दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग डाले गए। इसके उपरांत दिनभर धार्मिक समागम का आयोजन किया गया।

समागम के दौरान भाई गुरकारज सिंह के अंतरराष्ट्रीय कविशरी जत्थे ने वर्ष 1706 में गुरु की काशी-साबो की तलवंडी में साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा भाई मनी सिंह जी से नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की बाणी को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में दर्ज करवाकर इसकी संपूर्णता करवाने के प्रसंग को संगत के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत किया। भाई लखविंदर सिंह अमृतसर वाले के रागी जत्थे ने रसपूर्ण कीर्तन के माध्यम से संगत को इलाही बाणी से जोड़ा। वहीं भाई संदीप सिंह, शिरोमणि प्रचारक श्री आनंदपुर साहिब वालों ने अपने प्रवचनों के माध्यम से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज में दर्ज धुर की इलाही बाणी के बारे में संगत को विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा भाई गुरदेव सिंह के अंतरराष्ट्रीय ढाडी जत्थे, भाई जगदीप सिंह दिल्ली वाले, बीबी जसलीन कौर लुधियाना वाले, बीबी सिमरनजीत कौर राजपुरा वाले, भाई अविनाश सिंह ज्वद्दी टकसाल वाले, बीबी कंवलजीत कौर, शिरोमणि प्रचारक भाई हरजीत सिंह, भाई महिंदरपाल सिंह, अकाल कविशरी जत्था और भाई हरजिंदर सिंह के जत्थों ने भी कीर्तन, कथा, कविशरी एवं गुरमत विचारों के माध्यम से संगत को दिनभर हरि जस सुनाकर निहाल किया। गुरुद्वारा सिंह शहीदां के हजूरी जत्थों में भाई सुरिंदर सिंह, भाई इंदरजीत सिंह, भाई गुरमीत सिंह और भाई गुरनाम सिंह ने भी धार्मिक कार्यक्रम में अपनी सेवाएं निभाईं। सभी जत्थों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

# नशीले कैप्सूल बेचने के मामले में 34 दिन के कारावास की सजा

समर न्यूज | मोहाली

जिला अदालत ने नशीले कैप्सूल बेचने के मामले में गुरविंदर सिंह उर्फ मोनू को दोषी करार देते हुए पहले से जेल में बिताए 34 दिनों की सजा और 3,000 रुपये जुर्माने का आदेश दिया है।मामला 1 मई 2019 का है। पुलिस ने मुबारिकपुर-डेराबस्सी रोड स्थित फोकल प्वाइंट के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा था। तलाशी के दौरान उसके पास से स्पैस्मो प्रॉक्सीवॉन प्लस के 120 कैप्सूल बरामद हुए थे।

जांच के अनुसार कैप्सूल में प्रतिबंधित ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड मौजूद था। अदालत ने माना कि बरामद कैप्सूल गैर-व्यावसायिक मात्रा में थे। आरोपी के परिवार की परिस्थितियों, पांच साल की बेटी और बुजुर्ग माता-पिता के अलावा उसके 34 दिन जेल में बिताने को ध्यान में रखते हुए यह सजा सुनाई गई।

# डेराबस्सी रेलवे फ्लाईओवर की सर्विस सड़क की खराब हालत से राहगीर हो रहे परेशान

**सड़क पर पड़े बड़े गड्ढे बने हादसों का कारण, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान**

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज



डेराबस्सी क्षेत्र में सड़कों की खस्ता हालत के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे फ्लाईओवर के साथ मुबारिकपुर की ओर जाने वाली सर्विस रोड की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यहां से गुजरना लोगों के लिए मुश्किल बन गया है।

सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से वे दिखाई नहीं देते, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ गया है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को यहां से गुजरते समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके अलावा डीएवी स्कूल से पहले भी सड़क की हालत बेहद खराब है। सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे होने के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, क्योंकि पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी नहीं है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत करवाई जाए और गड्ढों को भरा जाए। उन्होंने कहा कि जब वाहन चालकों से पूरा टोल टैक्स वसूला जा रहा है तो सड़कों की बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# दो भाइयों को गाड़ियों से कुचलने का मामला हत्या का केस दर्ज

समर न्यूज | चंडीगढ़

दड़वा में दो सगे भाइयों को गाड़ियों से कुचलने के मामले में पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, वारदात की सीसीटीवी फुटेज में काले रंग की थार सड़क किनारे खड़ी दिखाई दे रही है। आरोप है कि पवन और उसके भाई सूरज के वहां पहुंचते ही थार चालक ने दोनों को टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद पवन सड़क पर गिर गया, तभी पीछे से आई सफेद रंग की गाड़ी ने उसे कुचल दिया। हादसे में 26 वर्षीय पवन की मौत हो गई, जबकि उसका भाई सूरज गंभीर रूप से घायल है। घायल सूरज के बयानों पर पुलिस ने गोविंद, सूरज उर्फ जटवा, सुभाष, मोनू उर्फ कांदू, महावीर समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**सुर संगीत** | सदाबहार नगमों ने श्रोताओं को याद दिलाया संगीत का सुनहरा दौर

# 'भूले-बिसरे गीत' में कलाकारों ने बिखेरा सुरों का जादू

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज






पायल म्यूज़िकल क्लब द्वारा सब डिवीजन प्रेस क्लब डेराबस्सी और भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के सहयोग से 'भूले-बिसरे गीत' नामक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेस क्लब डेराबस्सी के प्रधान हरजीत लक्की सहित क्लब के सभी सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा मुख्य अतिथि तथा पार्षद नरेश उपनेजा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजक यशपाल चौहान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पुराने हिंदी फिल्मी गीतों के सुनहरे दौर को याद करना और सदाबहार नगमों को संगीत प्रेमियों तक पहुंचाना था। चंडीगढ़ से आए शैरी बैंड ने लाइव म्यूजिक की शानदार प्रस्तुति दी, जबकि गिन्नी चोपड़ा ने एंकर के रूप में कार्यक्रम का संचालन बखूबी किया। मुख्य अतिथि विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि पुराने हिंदी फिल्मी गीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और संगीत विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन गीतों में उस समय की भावनाएं, सामाजिक परिवेश और जीवन की सादगी झलकती है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे कार्यक्रम लोगों को कुछ समय के लिए अपनी पुरानी यादों से जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को भी हमारी समृद्ध संगीत परंपरा से परिचित करवाते हैं।

उन्होंने पायल म्यूज़िकल क्लब, प्रेस क्लब डेराबस्सी और सभी सहयोगियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजक यशपाल चौहान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, कलाकारों, प्रेस क्लब सदस्यों, शैरी बैंड तथा अन्य सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### शानदार प्रस्तुतियां देकर कलाकारों ने बांधा समा

कार्यक्रम में आस्था ने 'ओ पालन हारे', यथार्थ भारद्वाज ने 'छूकर मेरे मन को', सार्थक ने 'नीले-नीले अंबर पर', मन्नत ने 'बिंदिया चमकेगी', मोहिता ने 'जा रे जा ओ हरजाई', सुनील छाबड़ा व शालिनी अत्री ने 'तुम्हारी नजर क्यों खफा हो गई', सुमन रानी ने 'मिलो ना तुम तो हम घबराए', राजीव जिंगरान व शालिनी अत्री ने 'कोरा कागज था यह मन मेरा', मुस्कान ने 'जरा होले-होले चल मेरे सजना', नछत्तर सिंह ने 'ना रुस हीरे मेरिए मैं राजण तेरा', राजबीर बमानिया ने 'लाल छड़ी मैदान खड़ी', राजीव जिंगरान ने 'मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू' तथा नैन्सी लालित ने 'पिया तू अब तो आजा' सहित अन्य कलाकारों ने भी कई लोकप्रिय सदाबहार गीत प्रस्तुत किए।